## सार-समाचार

### कलैक्टर ने सड़कों का निरीक्षण किया

**जालोर, ( का.सं. )।** जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने गुरूवार को सायला उपखण्ड में सार्वजनिक निर्माण विभाग की सडकों का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने पीपीपी मोड पर संचालित सिणधरी-जालोर, जीवाणा-भाण्डवपुर-भीनमाल, मेंगलवा-बावतरा व उम्मेदाबाद-केशवना सडक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सडकों की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आहोर उपखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोदन का औचक निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया।उन्होंने ओपीडी देखकर दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उनके रख-रखाव को लेकर चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अवलोकन के दौरान पीएचसी परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, शौचालय साफ रखने, मेडिकल वेस्ट के नियमानुसार निस्तारण करवाने को लेकर निर्देशित किया। जिला कलैक्टर ने ओपीडी की जानकारी लेते हुए पंजीकरण की स्थिति देखी तथा दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने तथा कार्मिकों को निर्धारित समय के अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी रोहित चौहान सहित पीएचसी के कार्मिक उपस्थित रहे।

### डीआरएम त्रिपाठी ने नववर्ष पर भेंट की

**जोधपुर, ( कासं )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने गुरुवार को नववर्ष 2026 के अवसर पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके कार्यस्थलों पर जाकर मुलाकात की तथा उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच परस्पर नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी डीआरएम कार्यालय पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात डीआरएम ने जोधपुर रेलवे स्टेशन एवं अन्य कार्यालयों में जाकर रेल कर्मियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी को कड़ी मेहनत करते हुए अपनी कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना बनाने का आ ान किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर जोगेंद्र मीणा एवं अमित स्वामी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक विक्रम सिंह सैनी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्षार सूत्र शल्य रोगियों का उपचार

**जालोर, ( नि.सं. )।** आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएम राजेन्द्र सूरि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा में दस दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद अन्तरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में आठवें दिन आमजन अपना उपचार करवाने के लिए पहुँच रहे हैं। शिविर प्रभारी मंत्री डॉ. रामेश्वर गौतम ने बताया कि शिविर में बहिरंग रोग विभाग में 3521 रोगियों का उपचार किया जा चुका है। शिविर में डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई ने जीवनशैली जन्य रोगों के बारे में आयुर्वेदिक उपचार एवं आहार विहार के लिए लोगों को जागरूक किया। पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत डॉ. नरेन्द्र परमार ने 83 रोगियों का स्नेहन, स्वेदन, कटिवस्ति, जानुवस्ति व अलाबू विधि से उपचार किया। शिविर में डॉ. सांवलाराम ने लोगों का प्रकृति परीक्षण किया एवं प्रकृति के अनुसार जीवनचर्या अपनाने की सलाह दी। डॉ. संगीता विश्नोई ने 54 बच्चों को स्वर्णप्राशन करवाया। डॉ. मनुवाला एवं डॉ. ऋतु मीना द्वारा स्त्री रोगों की चिकित्सा की गई। शिविर में अन्तरंग रोग विभाग में भर्ती रोगियों को रोटरी क्लब जालोर की ओर से विनिता ओझा द्वारा फल का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के भूतपूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमेश वैष्णव, बागरा प्रशासक सत्यप्रकाश राणा द्वारा शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शिविर में कम्पाउण्डर वासुदेव, अविनाश दवे व मनोज कुमावत ने सेवा दी।

### यातायात नियमों की पालना करें : सुखाराम

**गुड़ामालानी, ( निसं )।** पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई एवं थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सुथार द्वारा नूतन वर्ष एवं सडक सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनाकर यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ नये साल की शुभकामनाए दी। यातायात नियमों की पालना नहीं करने के कारण छोटे बडे हादसे होते रहते हैं । पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर यातायात नियमों कि जानकारी भी दी जाती है फिर वाहन चालक नियमों कि पालना नहीं करते हैं । पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई ने बताया कि नये साल एवं सडक सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत भामाशाहों के सहयोग से मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनाकर यातायात नियमों कि शपथ दिलाने के साथ कहा कि जीवन अनमोल है । यातायात नियमों कि पालना करने के साथ और नशा कर वाहन नहीं चलाएं। जिससे आपके साथ आपका परिवार भी खुश रहे । यातायात नियमों कि पालना कर अपने आप को सुरक्षित रखने कि बात कही । एवं बताया कि हेलमेट वितरण कार्यक्रम धोरीमन्ना,आरजीटी, गुडामालानी तीनों पुलिस थानों में कार्यक्रम आयोजित हुए।

### फारूक खान बने आप के जिलाध्यक्ष

**जालोर, ( कासं )।** आम आदमी पार्टी ने संगठन में निरंतर सक्रियता, निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए फारूक खान बिशनगढ को पुन: जिलाध्यक्ष (अल्पसंख्यक विंग), आम आदमी पार्टी जालोर की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर फारूक खान बिशनगढ ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में उन पर लगातार दूसरी बार विश्वास जताया जाना उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बडी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल जी (राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली), राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक , राजस्थान प्रदेश प्रभारी धीरज ठोकस, सह प्रभारी घनेन्द्र भारद्वाज, प्रदेश के समस्त शीर्ष नेतृत्व, मार्गदर्शकगण एवं पार्टी के समस्त समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद किया। फारूक खान ने कहा कि वे जिलाध्यक्ष (अल्पसंख्यक विंग) के रूप में आम आदमी पार्टी की ईमानदार राजनीति, जनसेवा और बदलाव की विचारधारा को जमीनी स्तर तक मजबूत करने हेतु पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा जालोर जिले में संगङ्गन को अधिक सशक्त बनाएंगे।

### अभिभाषक संघ जालोर का शपथ ग्रहण कल

**जालोर, ( कासं )।** अभिभाषक संघ जालोर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 3 जनवरी को दोपहर 12 बजे होटल विजय पैराडाइज जालोर मे आयोजित होगा। अभिभाषक संघ के सचिव विक्रमसिंह सियाणा ने बताया कि समारोह के चीफ गेस्ट राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संदीप शाह होंगे। जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जालौर जजशिप के गार्जियन जज जस्टिस विपिन गुप्ता एवं स्पेशल गेस्ट के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग की गरिमा में उपस्थित रहेगी। समारोह में नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के अलावा 45 वर्ष से अधिक वकालत करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अभिनन्दन सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष खसाराम ने बताया कि समारोह को लेकर आमंत्रण पत्रिका वितरण करने के साथ तैयारियां की जा रहा है। वही सभी अधिवक्तागण निर्धारित समय पर उपस्थित रहे।

### सैन समाज तलसर पट्टी का वर्षी कार्यक्रम

**जालोर,( साबीर )।** निकटवर्ती सैनजी महाराज मंदिर तलसर पट्टी बिशनगढ में बुधवार रात्रि को भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे भजन कलाकार ने अपने भजनों से सभी समाज बंधुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया आगामी आने वाली वर्षी को लेकर चढावे भी बोले। गुरुवार सुबह मंदिर पर ध्वजा चढाई गई। उसके बाद सेनजी महाराज की महाआरती की गई फिर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष रतनलाल सोलंकी जालोर ,उपाध्यक्ष हिमताराम सोलंकी केशवना,सचिव रमेश भाटी काठाडी,अर्जुनलाल सोलंकी मांडवला, गोविंदलाल भाटी भवरानी, चम्पालाल भाटी बिशनगढ,चेलाराम भाटी पानवा, जगदीश सोलंकी ओवलोज,मीठालाल चौहान भागवा,आदि समाज के गणमानीय लोग उपस्थित थे।

# सायला में 1945 पशुओं का शिविर में उपचार किया

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय पर नया बस स्टेंड स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में गुरुवार को संघवी स्व. सुमटीबाई भबुतमल भंडारी परिवार एवं पशुपालन विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान तीन दिवसीय द्वितीय निश्शुल्क पशु शल्य चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। शिविर में कुल 1945 पशुओं का उपचार कर पशुपालकों राहत प्रदान की।

समारोह का आगाज अतिथियों ने भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके मुख्य अतिथि तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी ने भामाशाह परिवार के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि समाज में दान देना सरल है, लेकिन स्वयं उपस्थित रहकर सेवा कार्यों में हाथ बंटाना और व्यवस्थाएं संभालना सराहनीय है। सायला क्षेत्र हमेशा से पशु प्रेमी रहा है, और इस शिविर ने यह सिद्ध कर दिया है कि जागरूक पशुपालक योजनाओं का लाभ लेने के लिए तैयार हैं। यह शिविर क्षेत्र के जरूरतमंद पशुपालकों के लिए लाभकारी साबित हुआ है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गणपतसिंह सोढा ने मूक पशुओं के प्रति इस संवेदनशीलता को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि भामाशाह परिवार द्वारा इतनी बडी संख्या में पशुपालकों को लाभ पहुँचाना सराहनीय है। पशुपालन विभाग भी ऐसे नेक कार्यों के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी ताकि भविष्य में भी पशुपालक लाभान्वित हो सकें।

शिविर के आयोजक चंपालाल भंडारी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह आयोजन उनके पूज्य पिताजी की भावनाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूक पशुओं की सेवा ही उनके परिवार का मुख्य उद्देश्य है, और इसी भावना के अनुरूप इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक पशुपालकों तक पहुँचने का प्रयास किया गया है। शिविर में सेवा देने वाले पशु चिकित्सा टीम को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

इस दौरान शिविर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयसिंह दादाल, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत, संयुक्त निदेशक डॉ. गणपतसिंह सोढा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, भाजपा नेता गणपतसिंह बगेडयिां, भामाशाह चंपालाल भंडारी, कांग्रेस जिला महासचिव सुल्तान खान भाटी, समाजसेवी दुर्गसिंह तूरा, बीबीएचओ डॉ. संजय माली, भाजपा पोषाणा मंडल अध्यक्ष रघुनाथसिंह राजपुरोहित, नाथुसिंह तीखी, शिविर प्रभारी डॉ. संजय माले, चंपालाल भंडारी, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक गणपतसिंह, कुईयालाल जैन, प्रतीक भंडारी, वस्तुपाल जैन, मांगीलाल फोलामुथा, नरपतसिंह मोकनी, कांतिलाल छात्रगोता, नारायणलाल विश्वकर्मा, प्रकाश शर्मा, श्रवण अग्रवाल, विपुल दवे, कालूराम सुथार आदि उपस्थित थे।

# श्रमिकों के हितों को लेकर मौन धरना देकर ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। श्रम विभाग जालोर में सालों से लंबित श्रमिक मामलों के निस्तारण एवं विभाग में पारदर्शित और जवाब देही की मांग को लेकर गुरुवार को पूर्व लोकपाल एवं समाज सेवी ब्रजेश कुमार ने जालोर कलैक्ट्रेट पर मौन धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर जालोर डॉ. प्रदीप के . गावंडे को ज्ञापन सौपा।

पूर्व लोकपाल ब्रजेश कुमार ने बताया कि श्रम विभाग से जुडी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में वर्षों से लंबित पडे मामलों, विशेषकर डेथ क्लेम एवं श्रमिक सहायता प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण एवं पारदर्शिता एवं जवाब देही की मांग को लेकर आज जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय मौन धरना आयोजित किया गया। धरने के माध्यम से श्रम विभाग में पारदर्शिता, जवाबदेही और तय समय सीमा में प्रकरणों के निस्तारण की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। धरने के दौरान लगाए गए बैनरों व तख्तियों के माध्यम से सवाल उठाए गए कि जब आवेदन निस्तारण की समय सीमा नियमों में निर्धारित है, तो फिर सालों तक श्रमिकों को इंतजार क्यों कराया जा रहा है। कई मामलों में श्रमिक परिवार 508 वर्षों से डेथ क्लेम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आरटीआई के जवाब में विभाग द्वारा रिकॉर्ड संधारित नहीं है।

धरने में यह भी सवाल उठाया गया कि यदि विभाग के पास श्रमिकों का अद्यतन डाटा उपलब्ध नहीं है, तो फिर श्रमिक कल्याण के नाम पर होने वाला खर्च किस आधार पर और किन पर किया जा रहा है। धरने के उपरांत जिला कलेक्टर जालौर की अनुपस्थिति में उनके नाम का ज्ञापन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जालौर को सौंपा गया। जिसमें लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, स्पष्ट एसओपी जारी करने और जवाबदेही तय करने की मांग की गई।

सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश कुमार ने कहा कि यह मौन धरना किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि हजारों श्रमिक परिवारों के अधिकारों की आवाज है और यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो इस मुद्दे को आगे और व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा। धरना शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से सम्पन्न हुआ।

# जालोर-जयपुर-दिल्ली रेलवे सेवा की आस कायम

**जालोर**, (कासं)। जालोर से जयपुर और दिल्ली की सीधी रेल सेवा वर्षो से जालोर वालो का एक सुनहरा सपना है । यह रेल क्यों नहीं है, जब भी जिम्मेदारों से यह पूछा , इसको लेकर समय-समय पर अलग-अलग प्रकार के तर्क मिलते रहे है। वर्षो तक यह एक तर्क दिया गया कि इस रूट पर कोच में पानी भरने एवं साफ सफाई की व्यवस्था कहीं भी नहीं है, इसलिए जोधपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को जालौर तक बढाना संभव नहीं है।

शिक्षाविद संदीप जोशी ने बताया कि हाल ही की रानीवाडा की यात्रा के दौरान एक विशेष दृश्य सामने आया। मैं आपसे जो चित्र साझा कर रहा हूँ ,यह कोई सामान्य चित्र नहीं है, यह चित्र जालौर की आशाओं अपेक्षाओं को नवीन उडान देने वाला चित्र है । रानीवाडा के रेलवे स्टेशन पर पटरियों के बीच इस पाइपलाइन का होना निकट भविष्य में रानीवाडा से दिल्ली और जयपुर तक सीधी रेल सेवा के जन-जन के सपने को साकार करने का एक सार्थक प्रयास दिखाई देता है। यह पाइपलाइन रेलवे की स्वच्छता, रखरखाव और यात्री सुविधा से जुडी एक महत्वपूर्ण अवसंरचना है। यह केवल उन्हीं स्टेशनों पर लगाई जाती है जहाँ ट्रेनें ठहरती हैं, साफ होती हैं और जहाँ कोचों का रखरखाव किया जाता है। रानीवाडा में यह सुविधा बन गई है अर्थात निकट भविष्य में रानीवाडा रेलवे की दृष्टि से इस खंड का बडा केंद्र बनने वाला है।

इस पाइपलाइन का मुख्य उपयोग पानी की आपूर्ति के लिए होता है, विशेष रूप से यात्री ट्रेनों की धुलाई- लंबी दूरी की ट्रेनें जब टर्मिनल स्टेशन पर पहुँचती हैं, तो उनके कोच बाहर से धोए जाते हैं। इस पाइपलाइन से जुडे लचीले पाइप को कोच तक ले जाकर पानी दिया जाता है। कोचों की आंतरिक सफाई- शौचालय, फर्श, दरवाजे आदि की सफाई में उपयोग। स्वच्छ भारत अभियान के बाद इसका महत्व और बढा है। रेलवे ट्रैक और प्लेटफॉर्म की सफाई- धूल, कचरा, तेल/ग्रीस हटाने के लिए, विशेषकर बडे स्टेशनों पर नियमित सफाई में सहायक, कोचों में पानी भरना कुछ जगहों पर इसी लाइन से कोच के पानी टैंक भरे जाते हैं।

रेलवे के अनुसार जंक्शन, टर्मिनल स्टेशन, एवं कोचिंग डिपो में ही यह अनिवार्य है। क्योंकि हर स्टेशन पर कोच धोए नहीं जाते है। सफाई का कार्य केवल निर्धारित स्थानों पर होता है। यह व्यवस्था सभी स्टेशनों पर आवश्यक नहीं होती। इसके पीछे स्पष्ट प्रावधान हैं। यह केवल उन स्टेशनों पर होती है जहाँ- ट्रेनों का ठहराव लंबे समय के लिए होता है, टर्मिनल स्टेशन (जहाँ ट्रेन प्रारंभ/समाप्त होती है), कोचिंग डिपो / मेंटेनेंस यार्ड स्थित हो, ट्रेन वाशिंग लाइन स्वीकृत हो। छोटे हॉल्ट / छोटे स्टेशन पर न ट्रेनें यहीं से शुरू/खत्म होती हैं। न व्यापक सफाई या मेंटेनेंस होता है। इसलिए वहाँ इसकी आवश्यकता नहीं पडती। रेलवे पटरी के बीच लगी यह पाइपलाइन ट्रेन वाशिंग, कोच सफाई और जल आपूर्ति की अनिवार्य तकनीकी व्यवस्था है, जो केवल टर्मिनल स्टेशनों, जंक्शनों और कोचिंग डिपो में रेलवे नियमों के अनुसार स्थापित की जाती है।

लोगों के अनुसार जालोर के रानीवाडा में पाइपलाइन की व्यवस्था का महत्व अब आप समझ सकते हैं। अब रानीवाडा छोटा मोटा स्टेशन नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य में टर्मिनल भी बन सकता है जहां से रेल प्रारंभ होती है। जोधपुर से प्रारंभ होने वाली विभिन्न ट्रेन जैसे मंडोर एक्सप्रेस को रानीवाडा से प्रारंभ किया जा सकता है।

## गिव-अप अभियान की अवधि बढ़ी

**जालोर**, (का.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए चलाए जा रहे 'गिव-अप अभियान' की अवधि को 28 फरवरी, 2026 तक बढ़ाया गया है।

जिला रोजगार अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह निर्धारित प्रावधानानुसार गेहूँ का वितरण किया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत सक्षम व्यक्तियों की ओर से स्वेच्छा से नाम पृथक करवाने के लिए 1 नवम्बर, 2024 को शुरू हुए गिव अप अभियान की अवधि 28 फरवरी, 2026 तक बढ़ाई गई है। यदि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 28 फरवरी, 2026 तक स्वेच्छा से नाम नहीं हटवाए जाते हैं तो उसके पश्चात् विभाग द्वारा अभियान चलाया जायेगा।

अभियान में नाम स्वेच्छा से नाम पृथक नहीं करवाने वाले लाभार्थियों के विरूद्ध खाद्यान्न की बाजार दर से वसूली के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# सोशल ऑडिट की ग्राम सभाओं में औपचारिकता पर लोकपाल सख्त

**जालोर**, (कासं)। जिले में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत होने वाले सोशल ऑडिट की ग्राम सभाओं में औपचारिकता हावी रहने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लोकपाल ने कडा रुख अपनाया है।

लोकपाल नैनसिंह शंखवाली ने बताया कि जिले के सभी कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को प्रभावी, पारदर्शी और जनभागीदारीयुक्त बनाया जा सके। इसके साथ ही ग्राम विकास अधिकारियों (वीडीओ) को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सोशल ऑडिट की ग्राम सभा की सूचना ग्राम पंचायत के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अनिवार्य रूप से चस्पा करें। इसमें पंचायत भवन, आंगनवाडी केंद्र, विद्यालय, राशन की दुकान एवं अन्य प्रमुख स्थान शामिल होंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को समय रहते सूचना मिल सके। लोकपाल ने कहा कि सोशल ऑडिट केवल औपचारिक प्रक्रिया न रहकर जनसुनवाई का सशक्त माध्यम बने। इससे मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, इससे संबंधित अधिकारियों, कार्मिकों एवं जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही भी तय होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल ऑडिट में लापरवाही या निर्देशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लोकपाल के इस कदम से जिले में सोशल ऑडिट की गुणवत्ता में सुधार आने और ग्रामीणों की सहभागिता बढने की उम्मीद जताई जा रही है।

लोकपाल जालोर नैनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि सोशल ऑडिट की ग्राम सभाओं में औपचारिकता हावी रहने की बात संज्ञान में आई है। सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को प्रभावी, पारदर्शी और जनभागीदारीयुक्त बनाने के लिए ग्राम सभा में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। इसके लिए सभी विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है, ताकि सरकार की मंशानुरूप ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे।

## अतीक़ सिद्दीकी का सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी अतीक़ सिद्दीकी का सम्मान किया गया। यह सम्मान लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 3232 के रीजन चेयरमैन लायन सरिता सुराणा की सद्भावना यात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष उषा गर्ग ने की। क्लब डायरेक्टर अरुण बलाई ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश देवेंद्र कच्छावा एवं रीजन चेयरमैन लायन सरिता सुराणा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सहज योग से हुई। अतिथियों ने लायंस क्लब के संस्थापक मेल्विन जॉन्स कोश्रद्धांजलि अर्पित की।

# तोडमी के लोगों ने वार्ड पंद्रह में जोड़ने की मांग बताई

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, आमसिह परिहार व रणछोडराम चौधरी के साथ ग्राम तोडमी के छत्तीस कौम के प्रमुख लोगो ने गुरुवार को जिला कलेक्टर जालोर को आपत्ति पत्र सौंपा।

आपति पत्र में मांग की है कि ग्राम तोडमी को नवसृजित पंचायत समिति भाद्राजून के वार्ड तीन में नहीं जोडकर वार्ड पंद्रह में जोडा जाए, तर्क दिया कि ग्राम तोडमी ग्राम पंचायत बांकली का गांव है और बांकली को पंचायत समिति के वार्ड पंद्रह में शामिल किया गया है इसलिए उसी बांकली पंचायत के गांव तोडमी को ग्राम पंचायत के साथ रखा जाए । मांग रखी की पंचायत समिति के वार्ड संख्या 3 में प्रस्तावित गांव रामा व तोडमी की जनसंख्या 4127 बनती हैं अगर तोडमी की जनसंख्या 546 कम की जाए तो भी रामा की 3581 जनसंख्या शेष रहती हैं जो इसी पंचायत समिति के वार्ड संख्या 8 की प्रस्तावित जनसंख्या 342० से ज्यादा है यानी रामा गांव अकेला वार्ड संख्या 3 में रहता है तो भी वार्ड संख्या 8 से जनसंख्या ऊयादा रहती हैं तीसरा कारण वर्तमान में वार्ड 15 की जनसंख्या मात्र 4837 है अगर गांव तोडमी की जनसंख्या जोडी जाए तो कुल जनसंख्या 5383 हजार ही बनती है जो इसी पंचायत समिति के वार्ड संख्या 1, 2, 5, 7, 9 व 14 से कम बनती हैं। तर्क दिया कि ग्राम तोडमी रामा से करीब पंद्रह किलोमीटर दूर है जाने के लिए कच्चा रास्ता है जो बारिश में बंद हो जाता है और ग्राम रातानाडा होकर जाना पडता है। बारिश में रास्ता बंद होने पर ग्राम गोविन्दला या घाना होकर जाना पडता हैं।

# झाब पंचायत समिति को हटाने से रोष भाजपा जिलाध्यक्ष के फाड़े पोस्टर

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के झाब क्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित के जन्मदिवस पर लगे पोस्टर को लोगों ने फाड कर झाब पंचायत समिति को हटाने का विरोध जताया। वही लोगों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी दिया।

जालोर जिले में भाजपा सरकार ने 1 दिसंबर 2025 चार पंचायत समिति भाद्राजून, उम्मेदाबाद, झाब व सरवाना को पंचायत समिति बनाया गया था। जिसमें आपत्तियों के बाद 29 दिसंबर को 2025 को सरकार ने फिर झाब पंचायत समिति को रद्द कर भादरूणा को पंचायत समिति बनाया गया है।

भादरुणाा सांचोर के निर्दलीय विधायक जीवाराम का गांव होने से वे अपने गांव को पंचायत समिति बनाने में सफल हो गये।

वही पूर्व सांसद व सांचोर विधायक के बीच राजनैतिक प्रतिस्पर्धा लम्बे समय से चले रही है।

ऐसे में सांचोर विधायक द्वारा भाजपा को समर्थन देने तथा उनकी विचारधारा भाजपा संगठन की होने से भाजपा सरकार में वह भादरुणा को पंचायत समिति बनाने में सफल हो गये।

ऐसे में भादरुणा को पंचायत समिति बनाने से झाब सहित अन्य गांवो के लोगो ने भाजपा सराकर के प्रति विरोध प्रकट कर भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के जन्मदिन पर लगाये गये पोस्टर को फाडकर जलाया गया। झाब को हटाकर भादरुणा को पंचायत समिति बनाने से ग्रामीण बडी संख्या में तीन दिन से विरोध प्रदर्शन व धरना कर रहे है।

गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित के जन्मदिवस पर जिले भर में बधाई के पोस्टर लगाए गए हैं। इस झाब में पोस्टर लगाए गए थे।

लोगों ने सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए लगे हुए पोस्टर को फाड दिया और विरोध करते हुए जिलाध्यक्ष के पोस्टर को जला दिया। कुछ ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। उसके बाद लोगों ने फिर विरोध प्रदर्शन करते हुए चितलवाना उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर फिर झाब को पंचायत समिति बनाने की मांग की।

# नए साल के संदेशों का अंबार दिखा, लोगों में उत्साह छाया

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में नए साल के आगमन को लेकर गुरूवार को उल्लास सा माहौल रहा। नववर्ष पर गुरुवार को शहर में एक दूसरे को दिनभर बधाई देने का दौर चला। मंदिरों में खास पूजा अर्चना की गई। अधिकांश लोगों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से नए साल की बधाई दी गई। कई वाहन चालकों ने अपने वाहनों को रंग-बिरंगें फूलों और गुब्बारों से सजाकर नए साल की खुशियों का इजहार किया।

## सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता

नए साल पर बधाई देने के लिए सोशल मीडिया हावी रहा। इससे पहले लोगों ने नए साल की पूर्व संध्या पर रात को घरों में केक काटे और व्यंजन बनाकर स्वागत किया। होटलों व रेस्टोरेंटों में हुए नव वर्ष के कार्यक्रमों में भी जोरदार उल्लास देखा गया। रात 12 बजते ही लोगों ने पटाखें छोडक़र गर्मजोशी के साथ नए साल का स्वागत किया। वहीं सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं को दौर चला जोकि आज दिनभर चलता रहा। नववर्ष की सुबह होते ही लोगों के मोबाइल और बेसिक फोनों की घंटियां बजने लग गई। लोगों ने अपने रिश्तेदारों, परिचितों और मित्रों को नए साल की मुबारकबाद दी। शहर में आज चारों ओर हैप्पी न्यू ईयर और नया साल मुबारक हो की स्वरलहरियां सुनाई दे रही थी। नए साल के जश्न के फोटो भी सोशल मीडिया पर अपलोड़ करते रहे। यह सिलसिला दिन भर जारी रहा। इधर शहर में हर वर्ष की भांति इस बार भी कई टैक्सी व सिटी बस चालकों ने अपने वाहनों को सजाया। फूल मालाओं से सजाकर यात्रियों की आवभगत की।

## मंदिरों में सजावट, लोगों ने दर्शन किए

नववर्ष पर कई लोग मन्दिरों में दर्शन करने गए। नए साल पर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। भीतरी शहर जूनी धान मंडी स्थित गंगश्यामजी मंदिर में नए साल के उपलक्ष्य में ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। नियमित की जाने वाली पूजा के अलावा ठाकुरजी का पुष्प शृंगार का पौशाक पहनाई गई।

रातानाडा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में गजानन्द का विशेष शृंगार किया गया। इस अवसर पर गणेश का अभिषेक, पूजन, ऋतु पुष्पों से शृंगार कर पौशाक पहनाई गई। रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर में नए साल के अवसर पर ठाकुरजी का शृंगार किया गया।

## पुलिस रही चौकस

नववर्ष आगमन से पहले ही कमिश्नरेट पुलिस सख्त हो गई थी। शराब नहीं, दूध पीकर करें नववर्ष का स्वागत, इसी उद्देश्य के साथ पुलिस ने भामाशाहों के सहयोग से आमजन को दूध पिलाकर नववर्ष का स्वागत करवाया। शहर के प्रमुख जालोरी गेट चौराहे पर आमजन को दूध पिलाया और शराब का सेवन नहीं करने की अपील की। शहर के हर चौराहे और सडक़ पर पुलिसकर्मियों का जाब्ता तैनात नजर आया। खुद पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश इसकी मॉनिटरिंग करते रहे। दोनों जिलों (पूर्व-पश्चिम) की थाना पुलिस ने अलग-अलग पिकेट्स बनाए। हर थाना इलाके में ब्रेथ एनालाइजर से जांचा गया। कई वाहन चालक शराब पिए हुए मिले, जिनकी गाडिय़ां जब्त कर पैदल रवाना किया गया।

## पाली में हैप्पी न्यू ईयर गूंजा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के डिस्ट्रिक्ट क्लब समेत शहर की कई होटलों में आयोजित बुधवार शाम को न्यू ईयर 2026 के वेलकम जश्न का। नए साल के वेलकम में पाली शहर के कई प्रमुख चैराहे आकर्षक रोशनी से सजे नजर आए।

आकर्षक ड्रेस में सजे युवा न्यू ईयर मनाते नजर आए। वहीं डिस्ट्रिक्ट क्लब में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हिंदी फिल्मों गीतों के सुरों से सर्दी की सर्द फिजा में मानो गर्माहट घोल दी।

हालांकि, इस दौरान दो-तीन बार आई बारिश से कार्यक्रम में खलल पड़ा, लेकिन शहरवासियों का जोश व उत्साह कम नहीं हुआ। डिस्ट्रिक्ट क्लब में इस बार बॉलीवुड सिंगर पीयुष मेहरुलिया अपनी टीम अहाना चटर्जी, दीपिका साहू, सोनल चैबीसा के साथ शानदार प्रस्तुति देकर युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

साथ ही फैमस कॉमेडियन दीपेंद्र सिंह ने अपनी प्रस्तुति से शाम को यादगार बना दिया। रंग-बिरंगी लाइट्स में युवा इन कलाकारों की परफॉर्मेंस पर झूमते दिखे।

वहीं इनकी शानदार प्रस्तुति से 31 दिसम्बर की नाइट में चार चांद लगा दिए। कलाकारों की दिल छू लेने वाली प्रस्तुतियों पर लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। जैसे ही घड़ी में रात के 12 बजे सभी ने एक-दूजे को हैप्पी न्यू ईयर कहकर नए साल की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। इससे पहले शाम होते ही डिस्ट्रिक्ट क्लब में क्लब सदस्यों और उनके परिवार के लोगों का आना शुरू हो गया।

रात करीब साढ़े 8 बजे बॉलीवुड सिंगर और अन्य कलाकारों का लाइव परफॉर्मेंस शुरू हुआ। एक से बढ़कर एक सॉन्ग गाकर पालीवासियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री व एसडीएम विमलेंद्र सिंह राणावत भी पहुंचे। सुमेरपुर रोड स्थित द ग्रांट गणपति एपल रिसोर्ट में भी कल्चर नाइट का आयोजन हुआ।

# एनडब्ल्यूआरईयू के नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन (एनडब्ल्यूआरईयू) जोधपुर मण्डल की जोधपुर शाखा की परिषद बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में मण्डल रेल प्रबन्धक अनुराम त्रिपाठी का माला, साफा व मोमेन्टो भेंट कर मण्डल तथा शाखा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

सहायक शाखा सचिव रमेश सोलंकी ने सेवानिवृत होने से पूर्व सम्मान समारोह के लिए साथियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

बैठक में मण्डल सचिव मनोज कुमार परिहार ने सभी साथियों को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र व्यास ने बताया कि आठवें वेतन आयोग में कर्मचारियों के वेतन में अधिक से अधिक बढोतरी हो उसके लिए एनडब्ल्यूआरईयू निरन्तर प्रयासरत है।

सभा को मदनलाल गुर्जर, जसबीर सिंह चौधरी, मदनलाल बैरवा, आशा कंवर, विजया व्यास, उपेन्द्र कुमार, मोहम्मद आबीद, अशोक शर्मा ने सम्बोधित किया।

उन्होंने रेलवे में निरन्तर किए जा रहे निजीकरण व निगमीकरण का विरोध किया और प्रशासन से आठाह किया रेलवे में निरन्तर बढ़ती जा रही रिक्तियों को शीघ्र भरने के लिए कार्यवाही करें, ताकि कर्मचारियों को कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।